तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
	8/3/17 पत्रावली पेश हुई। वकुलाम उपस्थित/पीठासीन अधिकारी अन्य कार्य में व्यस्त होने कारण पत्रावली दिनांक 2/5/17 को पेश हो।	
	लोक अदालत केम्प - देसूरी	
	27.5.2017	
	सरकारी पैरो० उप०	
	प्रार्थी सं. 1 के पिता उप०।	
	प्रा० पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखवाया जाकर संलग्न पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर सरकारी से कम हो।	निष्पादन...
	SDO देसूरी उपखण्ड अधिकारी देसूरी (पाली)	

राजस्थान–सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी देसूरी लोक अदालत केम्प कोर्ट-देसूरी

पीठासीन अधिकारी :– श्री राजेश मेवाडा आर.ए.एस.
राजस्व विविध प्रकरण संख्या : 42/2016
दायरा तिथि : 18.05.2016
आदेश तिथि : 27.05.2017

प्रार्थी:–
तहसीलदार देसूरी
भूमिधारी

बनाम

अप्रार्थीगण :–

1. श्री भरत कुमार पुत्र निहालचन्द जाति ओसवाल जैन
2. श्री मोहम्मद कसम खां पुत्र अमीन खां जाति मुसलान
3. श्रीमति सुन्दरबाई पत्नि फुटरमल जाति कलाल
4. श्रीमति मोहनीदेवी पत्नि हिम्मतमल जाति कलाल
5. श्री जसाराम पुत्र कूपा जाति चौधरी
   निवासी देसूरी तहसील देसूरी
6. भंवरसिंह पुत्र अमरसिंह पुरोहित नि. सोनाणा तहसील देसूरी
7. श्री वीजराजसिंह पुत्र गोरधनसिंह जाति पुरोहित
8. देवीसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह जाति पुरोहित
9. भंवरसिंह पुत्र खीमसिंह
10. मोपसिंह पुत्र खीमसिंह
11. चन्दनसिंह पुत्र खीमसिंह
12. उमरावकंवर पुत्री खीमसिंह
13. हिरांकंवर पुत्री खीमसिंह
    जातिगण पुरोहित निवासी लांपी तहसील देसूरी

: आदेश : दिनांक : 27.05.2017

प्रार्थन–पत्र अंतर्गत धारा 177 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955

पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान, न्याय आपके द्वार, शिविर देसूरी मे पेश हुई। प्रार्थी भूमिधारी तहसीलदार, देसूरी उपस्थित। अप्रार्थी संख्या के पिता निहालचन्द उपस्थित। प्रार्थी सरकार पेरोकार तहसीलदार देसूरी ने प्रार्थना–पत्र अंतर्गत धारा 177 विंरूद्व अप्रार्थीगण प्रस्तुत कर निवेदन किया कि सरहद मौजा देसूरी मे स्थित कृषि भूमि खसरा संख्या 1392 रकबा 0.09 हैक्टर किस्म बारानी अव्वल अप्रार्थी संख्या 1 से 13 की संयुक्त खातेदारी की भूमि स्थित है। जिसमे अप्रार्थी संख्या 1 से 3 का 1/2 हिस्सा, अप्रार्थी संख्या 4 से 13 का 1/2 हिस्सा खातेदारी दर्ज है। उपरोक्त तमाम अप्रार्थीगण द्वारा कृषि को कृषि भिन्न प्रयोजनार्थ यथा

पेज लगातार––2

...ड अधिकारी
...री (पाली)

निहालचन्द जैन

Bharat Kumar Jain

Regd. No. 8200

राजस्व विविध प्रकरण संख्या 42/2016 अनवान तहसीलदार देसूरी बनाम श्री भरत कुमार वगैरा अंतर्गत धारा 177 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955

आवासीय एवं वाणिज्यिक संपरिवर्तन कराये भूखण्डो के रूप मे निर्मित कर अकृषि प्रयोजनार्थ उपयोग मे ले रहे है। अप्रार्थीगणो का उक्त कृत्य धारा 177 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के विपरित होने से वादग्रस्त भूमि से अप्रार्थीगण को बेदखल कर भूमि राज्य सरकार मे समाहित किये जाने का निवेदन किया गया। अप्रार्थीगणो को नोटिस जारी किये जाने के बावजूद आदिनांक तक कोई जबाव प्रस्तुत नही किया गया है। ऐसी स्थिति मे प्रकरण का निस्तारण उपलब्ध साक्ष्यो व गुणावगुण के आधार प्रर किया जाना हम उचित समझते है।

प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र एवं अभिलेखीय साक्ष्यो का अवलोकन किया गया। नायब तहसीलदार देसूरी व पटवारी हल्का देसूरी द्वारा प्रस्तुत मौका फर्द का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत प्राप्त फोटोग्राफ का भी अवलोकन किया गया। यह जाहिर है कि राजस्व रेकर्ड मे कृषि भूमि दर्ज है तथा अप्रार्थीगणो द्वारा उक्त भूमि पर कृषि कार्य न कर बिना सक्षम स्वीकृति अनुमति अथवा भूमि का प्रचलित नियमो के परिपेक्ष्य मे कृषि भिन्न प्रयोजनार्थ उपयोग मे ले रहे है। मौके पर तमाम खातेदारो अप्रार्थीगणो द्वारा वाणिज्यिक एवं आवासीय परिसरो का निर्माण किया जा रहा है। भूमि का उपयोग किसी भी स्थिति मे कृषि प्रयोजनार्थ नही किया जा रहा है एवं न ही खातेदारो द्वारा अकृषि प्रयोजनार्थ संपरिवर्तन कराये जाने की कार्यवाही भी की गई है। ऐसी स्थिति मे तहसीलदार देसूरी का प्रार्थना–पत्र हम स्वीकार किया जाना उचित समझते है।

अतः प्रार्थना–पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है। वादग्रस्त भूमि मौजा देसूरी के खसरा संख्या 1392 रकबा 0.09 हैक्टर किस्म बारानी अव्वल से तमाम अप्रार्थीगण 1 लगाय 13 को बेदखल किये जाने के आदेश दिये जाते है। वादग्रस्त भूमि का कब्जा तहसीलदार देसूरी बहक सरकार प्राप्त कर राजस्व रेकर्ड मे वादग्रस्त भूमि राजकीय सिवाय चक खाते मे दर्ज कर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करे। निर्णय की प्रति पालनार्थ तहसीलदार देसूरी व पटवारी हल्का देसूरी को भिजवायी जावे। मिसल फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

आदेश आज दिनांक **27.05.2017** को मजमा–ए–आम मे सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
(राजेश मेवाडा)
पीठासीन अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलेक्टर, देसूरी
दिनांक 27.05.2017

क्रमॉक/केम्प कोर्ट/2017/
प्रतिलिपि निम्नांकित को पालनार्थ :–

1. तहसीलदार, देसूरी
2. पटवारी हल्का, देसूरी

पीठासीन अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी एवं
देसूरी (पाली)
पदेन सहायक कलेक्टर, देसूरी
केम्प–देसूरी